Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 07-10-2022 अंक 365

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### दो टेलर आपस में टकराई, तीन घायल, रेफर




बरही प्रखंड अंतर्गत मौगढ़ा के नजदीक शुक्रवार शाम दो ट्रेलर आपस में टकरा गई। जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्तियों में सुभाष गुर्जर उम्र 30 वर्ष पिता देवरान गुर्जर राजस्थान, लालू कुमार उम्र 25 वर्ष पिता शनिवार चौधरी एवं बाबूलाल कुमार उम्र 30 वर्ष पिता अर्जुन महतो नालंदा बिहार निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो टेलर के बीच भिडंत इतनी तेज थी की दोनो टेलर का केबिन पूरी तरह से धंस गया, और आग लग गई। आस पास के लोगो ने काफी मशक्कत के बाद घायलों को टेलर से निकालकर उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बड़कागांव पुलिस ने वारंटी के घर पर इस्तेहार चिपकाया



बड़कागांव थाना कांड संख्या 4 /15 धारा 379,413 , 34 आई. पीसी 30 (द्यद्य) कोल माइंस एक्ट 33 वन अधिनियम एक्ट के अभियुक्त मुफस्सिल थाना अंतर्गत पियरवा रोड निवासी विनोद साव के घर इस्तेहार चिपकाया गया। एसआई विजय सिंह ने कहा के विनोद साव के ऊपर बड़कागांव थाने में केस दर्ज है और वह अब तक लगातार फरार है।फरार अभियुक्त यदि एक माह में सरेंडर नहीं करता है तो उसके बाद आगे की करवाई की जाएगी।मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव एवं मुफस्सिल थाना के पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल, एवं ग्रामीण शामिल थे।

# अपेम वेलफ़ेयर फॉउंडेशन ने पवनपुत्रा फैक्ट्री में मजदूरों के लिए आयोजित की स्वास्थ्य जांच शिविर,

## 25 मजदूरों की हुई जांच, सभी मेडिकल फ़ीट पाए गए

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से बरही औद्योगिक क्षेत्र में संचालित पवनपुत्र फैक्ट्री में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति की उपस्थिति में अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के चीफ एडवाइजर एवं बरही के जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर अनिल कुमार ने 25 मजदूरों की स्वास्थ्य जांच की। फाउंडेशन की ओर से आयोजित शिविर में लैब टेक्नीशियन के माध्यम से शुगर की भी जांच की गई । जिसमें लगभग सभी का शुगर लेवल न०र्मल पाया गया इसके साथ ही प्रत्येक मजदूर एवं सुपरवाइजर का बीपी ब्लड ग्रुप सहित अन्य स्वास्थ संबंधी जांच कर स्वास्थ्य परामर्श दिया गया


स्वास्थ्य जांच करते डॉ अनिल कुमार

। मौके पर मजदूरों को परामर्श देते हुए डॉ अनिल कुमार ने कहा की स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।। इसलिए अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखनी चाहिए । समय-समय पर बीपी शुगर सहित अन्य तरह की जांच करते रहना चाहिए ताकि शरीर में किसी भी तरह का बीमारी का पता समय पर चल सके । तभी उसका इलाज समय पर संभव हो पायेगा। मौके पर मौजूद मैनेजर बीके तिवारी ने कहां की अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस जांच शिविर में कुल 25 लोगों की जांच की गई । जिसमें लगभग सभी लोग मेडिकल तौर पर फिट पाए गए। मौके पर डॉ अनिल कुमार ने सभी को मेडिकल फिटनेस का सर्टिफिकेट प्रदान किया। शिविर को सफल बनाने में लखन कुमार बिट्टू कुमार सौरभ तिवारी बीके तिवारी सहित सभी मजदूर सराहनीय योगदान दिए ।

# 23 हाथियों का झुंड चलंगदाग गांव घुसा, 4 घरों को किया क्षतिग्रस्त,कई एकड़ में लगे फसलों को रौंदा

## विधायक अंबा प्रसाद, बीडीओ एवं रेंजर ने क्षतिग्रस्त मकानों का किया निरीक्षण कहा जल्द दिया जाएगा मुआवजा



निरीक्षण करते विधायक, वीडियो, रेंजर व अन्य पदाधिकारी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : बीते रात प्रखंड के आंगों पंचायत अंतर्गत चेलंगदाग गांव में 23 हाथियों का झुंड घुस आया और जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने फटेरियापानी जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे 4 घरों को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया।घर में रखे चावल दाल व अन्य खाद सामग्री के साथ-साथ मुर्गा - मुर्गी को कुचल डाला, बर्तन,चौकी, आदि को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया । वही साथियों ने खेत में लगी धान एवं मकई की फसलों को बर्बाद कर दिया। हाथियों का उत्पात देख ग्रामीणों ने मशाल निकालकर व शोर मचा कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया। बालक गंझू , राजेश गंझू , वंशी गंझू तीनों पिता स्वर्गीय झगर गंझू , तिलेश्वर गंझू, पिता पच्चू गंझू ग्राम चेलंगदाग निवासी के घरों को हाथियों ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया । वहीं 2 दिन पूर्व लाल देव ठाकुर महुदी निवासी का घर को हाथियों ने बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। वहीं नरेंद्र महतो, एवं राजेश महतो के खेत में लगे धान व ईख को पूरी तरह रौंद डाला ।जिससे लगभग 5 से 10 लाख से अधिक की नुकसान होने की संभावना व्यक्त किया जा रहा है।

**पीड़ित लोगों का रो रो कर बुरा हाल शीघ्र मुआवजे की मांग**

क्षतिग्रस्त घर वालों के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।वंशी गंझू ने कहा कि मेरा तो हाथियों के उत्पात से आशियाना उजड़ गया और खाद्य सामग्री सहित सभी समान व कागजात को बर्बाद कर दिया गया अब ना रहने का ठिकाना है ना खाने का हम क्या करें।हम सभी लोग मांग करते हैं कि सरकार एवं जनप्रतिनिधि हमारी मदद करें।हाथियों के उत्पात से ग्रामीण काफी दहशत में हैं। वन विभाग से हम लोग मुआवजे की मांग करते हैं।

**हाथी के पास ग्रामीण नहीं जाए पीड़ित लोगों को मुआवजा दिया जाएगा**

मामले को लेकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचला. धिकारी जितेंद्र कुमार पांडे एवं रेंजर छोटे लाल साहू ने गांव का दौरा कर क्षतिग्रस्त हुए मकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई आवश्यक सुझाव देते हुए रेंजर ने कहा कि ग्रामीण हाथी को भगाने के लिए दूर से ही प्रयास करें नजदीक नहीं जाएं। अनहोनी होने का खतरा बना रहता है। जिन ग्रामीणों का मकान क्षतिग्रस्त हुआ है उन्हें नियम संगत निश्चित तौर पर मुआवजा दिया जाएगा। मसाल व अलाव जलाकर रखें अकेले घर से बाहर नहीं निकले झुंड में रहे। कम से कम क्षति हो जिसके लिए वन विभाग 24 घंटा नजर बनाए हुए हैं जल्द हाथी बड़कागांव वन क्षेत्र से बाहर निकल जाएगा।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## द आरसीआई का मना चौथा वार्षिकोत्सव, विद्यार्थियों ने बारी-बारी से गिनायी इंस्टीट्यूट की उपलब्धियाँ

### संस्थान अपने निश्चित उद्देश्यों के लिए लगातार प्रयासरत्त है : निदेशक राकेश रोशन

### स्पोकेन क्लास 9 अक्टूबर से होगी प्रारंभ : अंकित चन्द्रवंशी





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग रोड स्थित पानी टंकी के समीप रोशन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में संस्थान का चौथा वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम के उपलक्ष में संस्थान के निदेशक राकेश रोशन, शिक्षक अंकित चंद्रवंशी एवं शिक्षिका स्वेता रोशन ने सामूहिक रूप से केक काटा गया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों ने बारी-बारी से अपना मंतव्य दिया। साथ ही संस्थान के उपलब्धियों को गिनाया एवं संस्थान के विकास को लेकर अपनी-अपनी बात रखी। संस्थान के निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान का चौथा वार्षिकोत्सव 3 अक्टूबर को सम्पन्न हुआ था परंतु दुर्गा पूजा में अवकाश रहने के वजह से बाधित रहा जिस वजह से आज मनाया गया। इस अवसर पर बताया कि यह संस्थान अपने निश्चित उद्देश्यों के लिए लगातार प्रयासरत्त है, जिसका परिणाम धीरे-धीरे देखने को मिल रहा है और आगे भी देखने को मिलेगा। साथ ही बताया कि यह संस्थान बरही की एक मात्र संस्थान है जो ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा दे रही है। बहुत जल्द सारे कोर्सेज ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। फिलहाल सोशल मिडिया साइट्स यूट्यूब में श्द आरसीआईश एवं फेसबुक व इंस्टाग्राम श्रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूटश से उपलब्ध है। स्टूडेंट्स चाहे तो यहां से भी अपना नॉलेज प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक अंकित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी एवं गैर सरकारी सभी नौकरियों की तैयारी के लिए क्लास जारी है और स्पोकन इंग्लिश की क्लास सोमवार सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो रही है इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना रे. जिस्ट्रेशन करवा कर क्लास जॉइन कर सकते हैं। मौके पर संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बरही में नम आंखों से दी गई मां दुर्गा की विदाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




विसर्जन के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा

बरही में नौ दिन तक चले शारदीय नवरात्र के बाद बुधवार को विजयदशमी और दशहरा का त्यौहार धूम धाम से मनाया गया। त्यौहार शांति वा सौहार्द माहौल में संपन्न हुआ। मंगलवार वा बुधवार को लोगो ने विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। गुरुवार को कई जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जबकि बरही में शुक्रवार की शाम प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। मां दुर्गा के भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। वहीं लोग गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा के बाद मां को विदाई दी। विसर्जन से पहले बरही के पूजा पंडालों वा दुर्गा मंडपों में महिलाओं ने माता की प्रतिमा को कोईछा भरते सिंदूर खेला के रस्मों को पूरा किया। वहीं वृद्ध महिलाओं से लेकर नवविवाहितों ने मौके पर एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और सिंदूर उड़ाकर विजयदशमी की शुभक. ामनाएं दी। विसर्जन में शामिल सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर आतिशबाजी की। वहीं विसर्जन को देखते हुए बरही प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए जगह जगह पर पुलिस बल तैनात किए थे।

## डीलर पर मनमानी का आरोप, आवंटन के बावजूद लाभुक को नही मिला अनाज

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




सरकार के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू का मुख्य उद्देश्य गरीबों को अनाज उपलब्ध कराना है, ताकि गरीबों मो मुफ्त में अनाज मिल सके जिससे ओ अपन परिवार का गुजर बसर कर सके लेकिन चौपारण प्रखण्ड के झापा पंचायत अंतर्गत बिशनपुर के पीडीएस संच. ालक के मनमानी के कारण एक गरीब परिवार को अनाज उठाव से वंचित किया जा रहा है। पीड़ित बिशनपुर निवासी रामनुग्रह राणा पिता देवलाल राणा ने पीडीएस संचालक रविन्द्र सिंह पर अनाज नही देने का आरोप लगाते हुए कहा कि मेरा राशन कार्ड संख्या 202005371633 है। माह जून जुलाई और अगस्त का अपना राशन उठाव के लिए डीलर के पास गया तो उन्होंने आवंटन नही आने की बात कही जबकि हमने ऑनलाइन चेक किया तो पता चला कि मेरा राशन का उठाव हो गया है। आपूर्ति पदाधिकारी को मुखिया द्वारा दिए अनुसंशित आवेदन में पीड़ित ने आग्रह किया कि मेरे साथ मेरे अन्य सात परिवार के सदस्य का नाम है। राशन नही मिलने के कारण मेरा परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। रामानुग्रह राणा ने पदाधिकारी से मदद की गुहार लगाया।

**झूठा आरोप है, लाभुक आवे और अपना अनाज ले जाये : डीलर**

इस संदर्भ में पीडीएस संचालक रविन्द्र सिंह ने बताया कि सभी आरोप झूठा है। किसी के बहकावे में आकर रामानुग्रह राणा, अनाप सनाप लिखापढ़ी कर रहा है। कहा लाभुक का अनाज हमारे पास सुरक्षित है जब आवे अनाज का उठाव कर सकते है। मैंने राशन उठाने के लिए खुद उसका घर गया था जबकि उसके घर मे कोई नही मिला।

## पीएम आवास एवं मनरेगा योजनाओं को लेकर मुखिया मंगलदेव यादव ने की समीक्षा बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोलहुआकला पंचायत पंचायत भवन में शुक्रवार को मुखिया मंगलदेव यादव की अध्यक्षता में पीएम आवास एवं मनरेगा योजनाओं को लेकर बैठक किया गया। बैठक में पीएम आवास की समीक्षा की गई। मुखिया मंगलदेव यादव ने कहा की मनरेगा में अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने की बात कही, साथ ही साथ उन्होंने महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर रोजगार सेवक शिबू विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, सुरेश दास, इंद्राणी देवी, कदम देवी, आरती देवी, मिथलेश ठाकुर, लक्ष्मण यादव, रवि ठाकुर,राहुल कुमार, अजय दास, रामदेव यादव, शंकर यादव, हीरालाल सिंह, चंदन कुमार एवं कंचन देवी मुख्य रूप मौजूद थी।

THE MECHANICS
विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो० - विक्रम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers
पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

गणपति वस्त्रालय
नोटः साड़ी, सूट, जीन्स, टी-शर्ट, मेन्स वियर, लेडिज वियर एण्ड किड्स वियर
मो0- 7250441600, 7488155104
चौरसिया मार्केट, धनबाद रोड, बरही



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मां दुर्गा की प्रतिमा बड़े धूमधाम से विसर्जन

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**




सतगांवा प्रखंड के समलडीह व नंदुडीह में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को शुक्रवार को बड़ी धूमधाम डीजे, ढोल, गाजे बाजे के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं के द्वारा सकरी नदी में विसर्जन किया गया पिछले 4 दिनों से सतगांवा के समलडीह में मेले का आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ों के संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते हैं  हर वर्ष की भांति ईश्वर मां दुर्गा की प्रतिमा को पूरे बाजार में भ्रमण कराया गया और सकरी नदी में ले जाकर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया पिछले तीन वर्षों से कोरोना काल के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान इतने भव्य तरीके से नहीं हो पा रहा था मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन के पूर्व समलडीह,बासोडीह,रामडीह, राउतडीह,पचमौह,कलीडीह आदि स्थानों का भ्रमण करने के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा को सकरी नदी में विसर्जन किया करते हैं मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से की गई मां दुर्गा की प्रतिमा को सकरी नदी में ले जाकर विसर्जन किया गया मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में बीडीओ सह सीओ बैधनाथ उरांव,पुलिस इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध के अलावा दर्जनों जवान के साथ साथ स्थानीय समाजसेवी महेंद्र प्रसाद यादव,सुनील यादव,मनोज भगत, रामावतार चौधरी, हीरालाल चौधरी,मनू चौधरी, दिनेश चौधरी,विनोद यादव, विकास चौधरी के अलावा सैकडो लोग शामिल थे।

## विष्णुगढ़ में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां जोरों पर

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में ईद मिलादुन्नबी को लेकर की गई साज सज्जा

विष्णुगढ़ और इसके आसपास के मुस्लिम बहुल इलाकों में जश्न ए ईद मिलादुन्नबी को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसे लेकर विष्णुगढ़ के नवादा, बनासो, चानो, सारुकुदर, नरकी, गैड़ा, बरांय आदि गांवों के मुस्लिम धर्मावलंबियों में काफी उत्साह है। गांव के मस्जिद, इमामबाड़े तथा मु. हल्ले की गलियों को विशेष रूप से इस्लामिक झंडे, रंग बिरंगी रोशनी एवं गुब्बारों से सजाया जा रहा है। ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांवों में नौ अक. टूबर को जुलूस ए मो. हम्मदी भी निकाली जाएगी। कोरोना के चलते पिछले दो साल लगी पाबंदी के बाद इस बार जुलूस ए मुहम्मदी हर्षोल्लास के साथ निकालने की तैयारी की जा रही है। दो वर्षों से लोग कोरोना के कारण सामूहिक रुप से जश्ने ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम आयोजित नहीं कर पाए थे। बताया जाता है कि इस्लामी माह रबीउल अव्वल शरीफ की बारह तारीख पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद के यौम-ए-पैदाइश का दिन हैं। जिसे पूरी दुनिया ईद-मिलादुन्नबी के रुप में मनाती है। इसी दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश हुई थी और इसी तारीख को ही वो इस दुनिया से रुख्सत फरमा गये थे। ईद मिलाद उन-नबी को ईद-ए-मिलाद या बारावफात के नाम से भी जाना जाता है।

## एनटीपीसी और जीई गैस पावर ने गैस टर्बाइनों में हाइड्रोजन को-फायरिंग को प्रदर्शित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांवः भारत में बिजली उत्पादन को डीक. ार्बोनाइज करने के लिए उन्नत बिजली प्रौद्योगिकी को अपनाने के अपने प्रयासों में, देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन उपयोगिता एनटीपीसी लिमिटेड और जीई गैस पावर ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। गुजरात में एनटीपीसी के कवास संयुक्त-चक्र गैस बिजली संयंत्र में स्थापित जीई के 9ई गैस टर्बाइनों में प्राकृ तिक गैस के साथ मिश्रित हाइड्रोजन (एच2) सह-फायरिंग के प्रदर्शन की व्यवहार्यता ।इस महत्वपूर्ण सहयोग के तहत, दोनों कंपनियां संयुक्त रूप से कवास गैस पावर प्लांट से सीओ 2 उत्सर्जन को कम करने और भारत में एनटीपीसी की स्थापित इकाइयों में बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के रास्ते तलाशेंगी। एनटीपीसी का कवास गैस पावर प्लांट चार जीई 9ई गैस टर्बाइनों द्वारा संचालित है जो एक संयुक्त-चक्र मोड में काम कर रहे हैं और इसकी स्थापित क्षमता 645 मेगावाट (मेगावाट) है। इसके अलावा, जीई के उन्नत ई-क्लास गैस टरबाइन पोर्टफोलियो में वर्तमान में प्राकृतिक गैस के साथ मिश्रित होने पर हाइड्रोजन की मात्रा से 100% तक जलने की क्षमता है। यह क्षमता उपयोग की जाने वाली दहन प्रणाली के प्रकार के आधार पर भिन्न होती है। भारत में एनटीपीसी के साथ अपनी तरह के इस पहले एमओयू में, जीई गैस पावर प्राकृतिक गैस के साथ एच2 के सम्मिश्रण के लिए आवश्यक गैस टरबाइन इकाई और सहायक में संभावित संशोधनों का मूल्यांकन करेगी। इसके बाद, व्यवहार्यता रिपोर्ट के आधार पर सुरक्षित वातावरण में कवास गैस पावर प्लांट में हाइड्रोजन के 5ः को-फायरिंग के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जा सकता है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## शिक्षा से ही क्षेत्र का विकास होता है : अमित कुमार यादव

### ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन का सम्मान समारोह






**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम कल्हाबाद में शिक्षा के क्षेत्र में ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन ने पूरे साल की उपलब्धि को लेकर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, मुखिया कलावती देवी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया मौके पर विधायक अमित यादव ने ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन के निदेशक अभियंता केदार प्रसाद, आकाश इंस्टिट्यूट के डिप्टी डायरेक्टर बाबूलाल प्रसाद व शिक्षविद संजय प्रसाद के प्रयासों की सराहना की उन्होंने कहा महज एक साल पहले प्रारंभ हुई डीवीएफ ने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है इस संस्था के गोद लिए दो बेटियों को नवोदय में प्रवेश दिलाया है साथ ही समाज मे शिक्षा से वंचित वर्ग के बच्चो के लिए यह संस्थान एक मील का पत्थर साबित होगा ।बरकट्ठा प्रखण्ड के ही संजीवनी डिजिटल के संस्थापक बीएसएनएल के अभियंता रविकांत प्रसाद ने ड्रीम बूस्टर के प्रयासों की सराहना की उन्होंने सभी शिक्षविदों से आग्रह किया कि अपने प्रयासों से जहां तक सम्भव हो शिक्षा से वंचित बच्चो व मेधावी छात्रों को रास्ता दिखाए खाशकर केरियर के चुनाव में मदद करे फाउंडेशन के निदेशक केदार प्रसाद ने कहा कि ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन के उधेश्य है ग्रामीण क्षेत्रो में छिपी हुई प्रतिभा को उभारना मात्र नही बल्कि उसे अंजाम तक पहुचाना है । रिटायर्ड शिक्षक नारायण प्रसाद ने सभी शिक्षित युवाओं के प्रयासों की सराहना की उन्होंने संचाल. को को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी । अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के शशिभूषण प्रसाद ने सभी संचालको को बधाई दी व बताया कि अपने लिए तो सब काम करते है लेकिन समाज के लिए कुछ कर अच्छा काम करने की प्रेरणा इन युवाओं से मिलती हैं । कार्यक्रम के दौरान अपने मनमोहक अंदाज में शिक्षक यमुना प्रसाद ने संचालन किया वही शिक्षा विद संजय प्रसाद ने सभी अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया कार्यक्रम को बीईओ किशोर कुमार मुखियाल कलावती देवी,अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, डीपीएस के निदेशक आईपी भारती, मधुसूदन प्रसाद,, डॉ प्रकाश कुमार निदेशक केदार प्रसाद, सह संस्थापक बाबूलाल प्रसाद,संजय प्रसाद, मेन्टर रविकांत प्रसाद रामकिसुन महतो, शशिभूषण प्रसाद,छत्रु प्रसाद, मो रियाजउदीन, कैप्टन प्रभात कुमार, मनुभाय, बीरेंद्र प्रसाद, टेकमान प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, बुद्धिप्रकाश प्रसाद, अनिल कुमार आजाद, लक्ष्मण प्रसाद, लालमनी प्रसाद, निरपत प्रसाद, बीरेंद्र, विवेक, भीम, शंकर, लिलधारी महतो, लोकन महतो, रामेश्वर महतो, चेतलाल महतो ने भी सम्बोधित किया ।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड के आधे से ज्यादा डीलरों ने गटक गए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का जुलाई माह का चावल

### डीलरों के संग पदाधिकारियो की संलिप्तता की भी आ रही है बू

### कार्डधारियों ने उपायुक्त से डीलरों के विरुद्ध कावाई करते हुए अनाज वितरण की किये हैं मांग



**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : जहां एक तरफ केंद्र और राज्य सरकार कोरोना कल के इस विभीषिका में आम आवाम भूखे न मरे उसके लिए तरह तरह की कल्याणकारी योजना चलाई ताकि कोई भी गरीब भूखे न मरे।इसके लिए राज्य सरकार राशन कार्डधारियों को अनाज मुहैया तो कराही रही थी केंद्र सरकार ने भी इस विभीषिका में गरीबो को अनाज देना प्रा. रम्भ किया।यह केंद्र सरकार सरकार के सबसे कल्याणकारी योजनाओं में से एक था।केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत अनाज मुक्फ में देना शुरू की।लेकिन कान्हाचट्टी प्रखण्ड कुछ ऐसे ऐसे डीलर हैं जिन्हें गरीबो की कोई चिंता ही नहीं है।वो केवल अपनी पेट भरने में लगे हुए हैं।कान्हाचट्टी के आधा से भी ज्यादा ऐसे डीलर हैं जो जुलाई 2022 में गरीबो को निवाला पर भी डाका डाल दिये हैं और जुलाई 2022 माह का चावल डकार गए।जब राशन कार्डधारीयो ने डीलरों से चावल नहीं बांटने का कारण पूछते हैं तो चावल नहीं मिलने का बहाना लगा देते है।बताते चलें कि प्रखण्ड के तुलबुल पंचायत के राशन दुकानदार सुरेंद्र सिंह, मोहन यादव,ईश्वर यादव, बालदेव प्रजापत्ति, बेंगोकला पंचायत के अशोक यादव,चिरिदिरी पंचायत के शुशीला देवी,कोल्हैया पंचायत के सभी डीलर,एवं बक्चुम्बा तथा चारु के सभी डीलरों क्रमशः राजेन्द्र पांडेय,एवं अन्य ने गरीबो को मिलने वाली अनाज को बेच दिया।वहीं मदगड़ा पंचायत,जमरी बक्सपुरा, राजपुर एवं चिरिदिरी के लगभग एक डीलर छोड़ कर अभी लोग वितरण किये।आखिर सवाल ये उठता है कि आधा डीलरों को अनाज मिला और आधा को नहीं यह सवालों के घेरे मव डीलर हैं।राशन कार्डधारियों ने उपायुक्त से चावल वितरण नहीं करने वालो के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग किए हैं।

## विधायक के पोते को डीसी, एसपी सहित कार्यकर्ताओं ने दिया जन्मदिन की बधाई





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

बरही विधायक उमाशंकर अकेला के पोते सह जिला परिषद भाग 2 के सदस्य रविशंकर अकेला के पुत्र भगत सिंह का छठा जन्मदिन शुक्रवार को विधायक आवास में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हजारीबाग जिला उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी मनोज रत्न चौथे , डीएसपी नाजिर अख्तर, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा सहित प्रशासनिक अधिकारियों के अलावे बरही विधानसभा के हज़ारों लोगों ने विधायक आवास पर पहुंचकर उनके पोते भगत सिंह को जन्म दिन की बधाई दी। इस मौके पर एक तरफ जहां गायत्री मंत्रोच्चार व विधि के साथ हवन पूजन किया गया । वहीं दूसरे तरफ पांच पाउंड का केक भी काटा गया। इस मौके पे स्वयं विधायक उमाशंकर अकेला व रवि अकेला आगंतुकों के स्वागत में लगे थे। आए आगन्तुको के लिए लजीज भोजन की भी ब्यवस्था की गई थी।

**शहीद भगत सिंह से प्रभावित होकर विधायक ने पोते का नाम रखा भगत सिंह**

विधायक श्री अकेला ने पोते भगत सिंह के नाम रखने के पीछे के वजह को बतादें हुए कहा कि शहीद भगत सिंह को मैं आदर्श मानता हूं। और उनके बताए रास्ते पर भी चलने का प्रयास करता हूँ। बस उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने और उनके जुनून को जिंदा रखने के उद्देश्य से ही अपने पोते का नाम भगत सिंह रखा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यायक प्रतिनिधि रामफल सिंह,कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, निजी आप्त सचिव अजय राय,बिनोद सिंह नागेंद्र कुमार,मनोज यादव, नागेंद्र कुमार, हेलाल अख्तर,अभिमन्यू प्रसाद भगत,राजेन्द्र राणा,सुमन सिंह, वीरबल साहू, बैजू गहलौत ,रेवाली पासवान मनोज सिंह ,विकास गुप्ता ,रामकुमार दास , ,महेश प्रसाद कुशवाहा ,मनोहर यादव ,संजय यादव सहित अन्य का योगदान रहा।

## कान्हाचट्टी बाजार में लक्ष्मी कमिटी का हुआ गठन

### उपमुखिया बबलू केशरी अध्यक्ष एवं मंटू बने कोषाध्यक्ष




**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : गुरुवार की शाम कान्हाचट्टी बाजार में लक्ष्मी पूजा को लेकर फ्रेंड्स क्लब के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आने वाले दीपावली के शुभ समय में हर बार की तरह इस बार भी लक्ष्मी पूजा उठाने का निर्णय लिया गया।.इस दौरान सभी माननीय सदस्यों द्वारा आने वाले पूजा को भव्य तरीके से मनाने की बात पर जोर दिया गया। कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हो इसपर भी विचार विमर्श किया गया।तथा भक्ति जागरण कराने पर सहमति बनी। बैठक में अध्यक्ष के रूप में सभी माननीय सदस्यों द्वारा बबलू केशरी को ,उपाध्यक्ष राकेश केशरी एवं सचिव अमित केशरी तथा कोषाध्यक्ष मंटू केशरी एवं मुख्य सोसल मीडिया प्रभारी में अमन केशरी माइकल गोस्वामी केशरी संदीप पिंटू केशरी रोबिन केशरी को चयनित किया।. बैठक का समापन जय श्री राम जय भवानी के उद्घोष से हुआ।बैठक में दजनो की संख्या में लोग मौजूद थे।

